छत्तीसगढ़ शासन
संस्कृति विभाग
-::मंत्रालय::-
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर-492002

FILE No.:GENCOR-35/8010/2026-CULTURE, नवा रायपुर, दिनांक **24-09-2026**

प्रति,

1- **संचालक,**
संस्कृति एवं राजभाषा, गृह निर्माण मण्डल, व्यवसायिक परिसर,
सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर,
छत्तीसगढ़।

2- **संचालक,**
पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय,
सिविल लाईन, रायपुर।

विषय:-संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की छमाही हिंदी ई-पत्रिका 'संस्कृति' में प्रकाशनार्थ लेख/रचनाएं आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

संदर्भ:-भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय (राजभाषा प्रभाग) के का.ज्ञा. सं. ई-11020/1/2021-हिन्दी, दिनांक 08.09.2026

---00---

विषयांतर्गत भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय (राजभाषा प्रभाग) से प्राप्त् कार्यालय ज्ञापन का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2/ भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, दर्शन एवं प्राचीन धरोहर आदि विषयों पर प्रकाशित अर्धवार्षिक ई-पत्रिका 'संस्कृति' हेतु मूल रूप से हिंदी में लिखित लेख/रचनाएं आमंत्रित की गई हैं।

3/ अधिकतम पाँच-छह पृष्ठ का, यूनिकोड मंगल फॉन्ट में टंकित, संगत चित्रों एवं पासपोर्ट साइज फोटो तथा मौलिकता संबंधी स्व-हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र सहित ई-मेल sanskriti.patrikamoc@gmail.com पर भेजा जाना है।

भारत सरकार से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु परिचालित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

अत: निर्देशानुसार प्राप्त् ज्ञापन पर परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः- यथोपरि।

Digitally signed by
RUCHI SHARMA
Date: 24-09-2026
13:15:02

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
संस्कृति विभाग, मंत्रालय

सं. ई-11020/1/2021-हिन्दी
भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
(राजभाषा प्रभाग)

कक्ष संख्या 22108, द्वितीय तल,
कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली,
दिनांक: 08.09. 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित छमाही हिंदी पत्रिका 'संस्कृति' में प्रकाशनार्थ लेख/रचनाएं आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

भारतीय संस्कृति के विभिन्न विषयों जैसे कि भारतीय जीवन-मूल्यों, आध्यात्मिक मान्यताओं, दर्शन, कला, साहित्य, सांस्कृतिक परम्पराओं तथा प्राचीन धरोहरों आदि पर एक ई-पत्रिका **'संस्कृति'** का अर्धवार्षिक आधार पर प्रकाशन किया जा रहा है। इसके लिए भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में आम जनमानस को अवगत कराने के उद्देश्य से **'संस्कृति'** पत्रिका में प्रकाशन हेतु भारतीय लेखकों/साहित्यकारों से मूल रूप से हिंदी में लिखी गई रचनाएं/लेख आमंत्रित किए जाते हैं। लेख/रचनाएं सरल, सुबोध और सूचनापरक होनी चाहिए जोकि शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी हों। संपादक मंडल द्वारा लेख उपयुक्त पाए जाने पर भेजी गई रचना/लेख को आगामी अंक में प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए लेखकों/रचनाकारों को मानदेय स्वरूप नकद राशि का भुगतान भी किया जाएगा। यह लेख पत्रिका के पाँच अथवा अधिकतम छह पृष्ठों तक सीमित होने चाहिए।

उपरोक्त के संबंध में सभी लेखकों को सूचित किया जाता है कि अपने द्वारा लिखित लेख/रचना (संगत चित्रों सहित) यूनीकोड मंगल फॉन्ट में टाइप कराकर और उसे भली-भांति जाँचने के बाद पासपोर्ट साइज के अपने फोटोग्राफ के साथ ई-मेल sanskriti.patrikamoc@gmail.com पर अग्रेषित करें:

इसके साथ ही लेखक अपनी रचना/लेख के बारे में स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय का एक प्रमाण-पत्र भी दें कि सम्बन्धित रचना/लेख मूलत: उनका स्वयं का लिखा हुआ है और इससे पूर्व वह कहीं और प्रकाशित नहीं हुआ है। **(प्रमाणन के लिए प्रपत्र का प्रारूप इसके साथ संलग्न है)। चयन प्रक्रिया के पश्चात प्रकाशित लेख के लिए मानदेय स्वरूप 3000/- रु. बैंक के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।**

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

संलग्न: यथोपरि।

8/9/26

(मनोज कुमार चौधरी)
उप निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष: 011 24014248